तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026


12 मोर मितान- कांकेर पुलिस से गांवों में बढ़ी सुरक्षा


12 रेत के अवैध खनन पर कार्रवाई नहीं, युकां ने फूंका पुतला



## खबर संक्षेप

### बाइक को मारी टक्कर आरोपी पर मामला दर्ज





**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत अंतागढ़ के मद्रासीचौक के पास सड़क दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। लामकन्हार निवासी 23 वर्षीय सबल सिंह दुग्गा पिता लखमूराम ने पुलिस को बताया कि 17 फरवरी को शाम साढ़े 6 बजें आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 10 बीटी 9490 का चालक अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल को ठोकर मार दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### गोटुलमुंडा में 2 मार्च को मड़ई का आयोजन

दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम गोटुलमुंडा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 मार्च को मड़ई का आयोजन होगा। रात्रिकालीन सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी, जिसमें ग्राम होच्चेटोला भुईयां के कलाकारों द्वारा आकर्षक एवं पारंपरिक लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। गायता राजेंद्र पुड़ों एवं पटेल मुकेश पुड़ो उपसरपंच धनीराम पद्माकर, बल्दूराम दर्रो, अर्जुन टेकाम एवं ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि देव मड़ई में आसपास के गांवों से बैगा, पुजारी तथा विभिन्न देवी-देवताओं की पारंपरिक उपस्थिति रहेगी।

### मानव श्रृंखला बनाई व दी परीक्षर्थियों को शुभकामाएं




**कांकेर।** प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देने के उद्देश्य से मानव श्रृंखला बनाकर उत्साहवर्धन किया। विद्यार्थियों ने एकजुटता का संदेश देते हुए सफल एवं तनावमुक्त परीक्षा की कामना की। विद्यालय परिसर में आयोजित इस पहल को शिक्षकों और अभिभावकों ने सराहा।

### लापरवाह हाईवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज



**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत ग्राम मांझीपारा मंगला साल्हेभाट के पास आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 08 बीबी 7358 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 9 फरवरी को शाम सवा 5 बजें आरोपी हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 08 बीबी 7358 के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट किया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# छत्तीसगढ़ पुलिस की सिटीजन सर्विस साइट हफ्तेभर से ठप, जनता हो रही परेशान


हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में सुशासन और स्मार्ट पुलिसिंग के दावे उस वक्त खोखले नजर आने लगते हैं, जब विभाग की बुनियादी ऑनलाइन सेवाएं ही दम तोड़ देती हैं। पिछले एक सप्ताह से छत्तीसगढ़ पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर सिटिजन सर्विस का पोर्टल पूरी तरह बंद पड़ा है। तकनीकी खराबी के कारण प्रदेश भर के हजारों नागरिक परेशान हो रहे हैं, लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि जिम्मेदार विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। पुलिस विभाग की वेबसाइट पर सिटिजन सर्विस का उपयोग आम नागरिक को आठ प्रकार की सुविधाएं मिलती थी, परंतु एक सप्ताह से दिस साईट कैन नाट बी रीच दिखाई देता है।

हरिभूमि कांकेर ने इसकी जानकारी कांकेर में संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में दो दिन पहले लाया गया था। इस साइट के नहीं खुलने से एफआईआर की कॉपी डाउनलोड करने, चरित्र सत्यापन, किरायेदार सत्यापन, गुमशुदा सामान की रिपोर्ट और ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए करते हैं। पोर्टल न खुलने के कारण अब लोगों को इन छोटे-छोटे कामों के लिए थानों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

### पुलिस वेबसाइट में डिजिटल इंडिया के दावों को दिखा रहा ठेंगा




#### साइट नहीं खुल रही

जानकारों का मानना है कि जब ऑनलाइन सेवाएं बंद होती हैं, तो मैन्युअल प्रक्रिया में पारदर्शिता कम हो जाती है। कांकेर के एक व्यक्ति ने फोन करके बताया कि ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की कोशिश की, लेकिन साइट खुल ही नहीं रही है। थाने जाने पर कहा जाता है कि पोर्टल ठीक होने का इंतजार करें, इसकी मानीटरिंग राज्य स्तर पर होती है।1

### विधायक विक्रम ने कहा वन विभाग की पहल से किसानों को हो रहा लाभ

# लाख पालन से नक्सल इलाके के किसानों की बदली तकदीर, साल में लाखों की आय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

**वन विभाग के तकनीकी सहयोग और किसानों की मेहनत से लाख पालन आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बनता जा रहा है। परंपरागत धान की खेती पर निर्भर किसान अब कुसुम, बेर और पलाश जैसे वृक्षों पर लाख उत्पादन कर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर रहे हैं और आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।**

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि क्षेत्र में कुसुम वृक्षों की प्रचुरता है और पथरीली भूमि पर धान की अपेक्षाकृत कम पैदावार होती है। ऐसे में लाख पालन किसानों के लिए स्थायी और लाभकारी विकल्प बन सकता है। वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर किसान वर्ष में लाखों रुपये की आय अर्जित कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और संसाधनों की व्यवस्था की गई है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि किसानों को आगे रांची भेजकर उन्नत प्रशिक्षण दिलाने की भी योजना है। वर्तमान में 6 क्लस्टरों और 10 स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 600 से अधिक किसान लाख उत्पादन से जुड़े हैं, जबकि हजारों कुसुम, बेर और पलाश वृक्षों पर संवर्धन कार्य जारी है। यह पहल न केवल आजीविका का साधन बन रही है, बल्कि वृक्षारोपण और जंगल संरक्षण को भी बढ़ावा दे रही है।




#### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता लच्छूराम गावड़े के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कोयलीबेड़ा जनपद अध्यक्ष श्यामबती मंडावी, जिला वनोपज सहकारी संघ पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमंडल के अध्यक्ष सुकलाल देहारी, वन विभाग के एसडीओ आरएन शोरी, एमएस नाग, जीएस जामड़े, क्षेत्र के गायता, पुजारी, लघु वनोपज सहकारी समिति के अध्यक्ष, वन सुरक्षा समितियों के सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल थे।

#### लाख पालन से बढ़ी किसानों की आय

अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम बिरकोन्दल के किसान विकास हुर्रा ने वर्ष 2025-26 में लगभग 3 लाख रुपये की आय अर्जित की। कोयलीबेड़ा क्षेत्र के ग्राम चिलपरस निवासी राकेश नेताम को करीब 2 लाख रुपये, जबकि भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम धनेली के जयश्री सलाम को लगभग 93 हजार रुपये की आमदनी हुई। किसानों का कहना है कि लाख पालन से उन्हें नियमित खेती के साथ अतिरिक्त आय मिल रही है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। लाख पालन की खेती करने वाले इन सभी किसानों का कहना है कि लाख पालन से उन्हें वर्ष में अतिरिक्त आमदनी भी प्राप्त हो रही है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। साथ ही वन आधारित आजीविका होने के कारण जंगल संरक्षण और वृक्षारोपण को भी बढ़ावा मिल रहा है।

## शादी का झांसा देकर 8 साल तक यौन शोषण, आरोपी प्रोफेसर को भेजा जेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

थाना कोड़ेकुर्से पुलिस ने महिला अपराध के एक गंभीर मामले में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करते हुए शादी का झांसा देकर वर्षों तक शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी प्रोफेसर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। पुलिस की सक्रियता से पीड़िता को न्याय की उम्मीद मिली है। जानकारी के अनुसार पीड़िता 17 फरवरी को थाना कोड़ेकुर्से पहुंची और लिखित आवेदन देकर बताया कि उसका दूर का रिश्तेदार सतीश कुमार गोटा पिता मानसिंह गोटा ग्राम बोगर नदीपारा, भानुप्रतापपुर का निवासी है, जो उसके घर में रहकर वर्ष 2013 से 2021 तक मलेरिया वर्कर का कार्य करता था। युवक की दुर्ग के रिसाली में कालेज में प्रोफेसर की नौकरी 2021 में लग गई और दुर्ग रिसाली चला गया। आरोपी ने वर्ष 2013 से 2021 के बीच शादी का झांसा देकर लगातार लगभग आठ वर्षों तक उसका पीड़िता शारीरिक शोषण किया। सामाजिक बदनामी और पारिवारिक दबाव के कारण पीड़िता उस समय किसी को यह बात नहीं बता सकी। विवेचना के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया। आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को 18 फरवरी को गवाहों के समक्ष उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पीड़िता की शिकायत पर थाना कोड़ेकुर्से में अपराध क्रमांक 02/2026 धारा 376, 376(2)(ढ) भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

## सट्टा माफिया पर पुलिस का शिकंजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

चारामा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध सट्टा गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक खाईवाल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय सट्टा नेटवर्क पर नकेल कसने के उद्देश्य से की गई इस कार्रवाई में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्चियां, एक मोबाइल फोन और नकदी बरामद की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 18 फरवरी को चारामा थाना पुलिस बल क्षेत्र में नियमित पेट्रोलिंग और अपराधियों की तलाश में निकला हुआ था। इसी दौरान ग्राम लखनपुरी स्थित औद्योगिक क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अंकों पर दांव लगवाकर सट्टा खिलाने की गुप्त सूचना मिली। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर गवाहों की उपस्थिति में दबिश दी। दबिश के दौरान एक व्यक्ति सट्टा पर्ची लिखते हुए मिला, जिसे पुलिस ने मौके पर ही हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम 37 वर्षीय कमलकिशोर साहू निवासी लखनपुरी बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक पेन, सट्टा पट्टी पर्चियां, एक मोबाइल फोन और नगद राशि बरामद की गई। जब्त किए गए मोबाइल फोन की जांच करने पर उसमें हजारों रुपये के सट्टा लेनदेन से संबंधित विवरण पाए गए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी लंबे समय से सट्टा गतिविधियों में संलिप्त था।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 112 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया। इसके पश्चात आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार कमलकिशोर साहू पूर्व में भी जुआ से जुड़े तीन मामलों में संलिप्त रह चुका है, जिससे उसकी आपराधिक प्रवृत्ति की पुष्टि होती है।

#### सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी

इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक चारामा थाना प्रभारी सुरेश कुमार राठौर, उपनिरीक्षक सोनराज सूर्यवंशी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध सट्टा और जुए की गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में शामिल लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## डीआरजी को मिली 100 रोनिन बाइक को विधायक नेताम ने दिखाई हरी झंडी

■ एंटी-स्किड तकनीक, पावरफुल इंजन और हैवी मेटल बेस्ड फ्रेम के साथ डिजाइन किया गया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





जिले में आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। दुर्गम पहाड़ी इलाकों, कच्चे-पक्के और खराब रास्तों पर बेहतरीन पकड़, शक्तिशाली पिकअप और मजबूत मेटल बॉडी के लिए जानी जाने वाली रोनिन 220 सीसी बाइकों की खेप जिले की कांकेर पुलिस को मिली। विधायक आशाराम नेताम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रायपुर मुख्यालय से कांकेर जिले को मिली 100 बाइक रोनिन 220 सीसी मॉडल की हैं, जिन्हें एंटी-स्किड तकनीक, पावरफुल इंजन और हैवी मेटल बेस्ड फ्रेम के साथ डिजाइन किया गया है। इन बाइकों की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह खराब सड़कों, उबड़-खाबड़ रास्तों और पहाड़ी कच्ची पगडंडियों पर भी संतुलन और नियंत्रण बनाए रखती हैं। सुरक्षा बलों के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी है, जहां तेज रफ्तार के साथ सुरक्षित और भरोसेमंद मूवमेंट बेहद जरूरी होता है। इन बाइकों के माध्यम से डीआरजी के जवान अब दूरस्थ गांवों, घने जंगलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में तेजी से पहुंच सकेंगे। यह बाइक विशेष रूप से डीआरजी के लिए सुविधायुक्त हैं, जिससे अंदरूनी और नक्सल प्रभावित इलाकों में गश्त और त्वरित कार्रवाई को नई मजबूती मिलेगी। इससे न केवल नियमित गश्त प्रभावी होगी, बल्कि आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया समय भी घटेगा। पुलिस प्रशासन का मानना है कि आधुनिक संसाधनों से लैस बल ही जमीनी स्तर पर शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम होते हैं। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अधक्ष अरूण कौशिक, पूर्व पार्षद दीपक खटवानी, भाजपा के नेता अधिकारियों में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, एएसपी आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल, एएसपी योगेश कुमार साहू, व अन्य उपस्थित रहे।

#### डीआरजी की बढ़ेगी कार्यक्षमता

हरी झंडी दिखाने के अवसर पर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि कांकेर जिला भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण है। डीआरजी के जवान विषम परिस्थितियों में भी अपनी ड्यूटी निभाते हैं। इन पावरफुल और भरोसेमंद बाइकों के मिलने से उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी और अंदरूनी इलाकों में सुरक्षा और मजबूत होगी। सरकार जवानों की सुविधा और सुरक्षा के लिए लगातार संसाधन उपलब्ध करा रही है।

### आम पेड़ के नीचे भविष्य गढ़ने को मजबूर

# राज्यस्तर पर पुरस्कृत शिल्पकार की कार्यशाल में ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ की माटी को अपनी उंगलियों से जीवंत करने वाले राज्य स्तरीय पुरस्कृत शिल्पकार पंचायत की राजनीति और प्रशासनिक अनदेखी की भेंट चढ़ गए हैं। ग्राम पंचायत बांसला के टेराकोटा कलाकार जिन्होंने अपनी कला से न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया, आज उसी कलाकार की कार्यशाला पर ताला जड़कर उसे आम के पेड़ के नीचे काम करने को मजबूर कर दिया गया है।

राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित टेराकोटा शिल्पकार परमेश्वर चक्रधारी को वर्षों पहले तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ अंकित आनंद के प्रयासों से एक कक्ष बनवाया था। उनका आरोप है कि वर्तमान सरपंच जमुना तिरसुनिया ने व्यक्तिगत मतभेदों के चलते अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया और कार्यशाला भवन को अतिक्रमण बताकर सील कर दिया। एक ओर सरकार हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड कोंडागांव द्वारा आयोजित 50 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज आम के पेड़ के नीचे संचालित हो रहा है। कार्यशाला भवन के सील होने के कारण कोलकाता से आए डिजाइनर कौशिक घोष और प्रशिक्षक परमेश्वर चक्रधारी आम के पेड़ के नीचे क्लास ले रहे हैं। 20 प्रशिक्षार्थी भीषण परिस्थितियों में मिट्टी की कला की बारीकियां सीख रहे हैं।

कलाकृतियों और कीमती सामानों को खुले में रखने से उनके खराब होने का डर बना हुआ है। प्रशिक्षार्थी कनेश देहारी, टीना, जया, लीलेश और अंजू चक्रधारी अन्य का कहना है कि कार्यशाला भवन के सील होने से उन्हें काफी परेशानी हो रही है, लेकिन वे अपनी कला सीखने के जज्बे के कारण पेड़ के नीचे बैठने को मजबूर हैं।

### टेराकोटा शिल्पकार परमेश्वर चक्रधारी की कलाकृतियां असुरक्षित



#### दस्तावेजों को किया दरकिनार

शिल्पकार परमेश्वर चक्रधारी का कहना है कि भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए पंचायत से मरम्मत की अनुमति मांगी थी। फंड न होने की बात कहने पर उन्होंने स्वयं के व्यय से निर्माण के लिए ग्राम सभा से विधिवत एनओसी और प्रस्ताव पारित करवाया था। उनके पास अजीत जोगी सरकार के समय का वैध पट्टा भी है। कलाकार का आरोप है कि उन्होंने एसडीएम भानुप्रतापपुर और तहसीलदार को लिखित आवेदन दिया, लेकिन उनके आवेदन स्वीकार करने तक से मना कर दिया। 15 जनवरी को आनन-फानन में नोटिस जारी कर कार्यशाला का सारा सामान बाहर फिंकवा दिया गया और भवन को सील कर दिया गया।

# जिला अस्पताल में उपलब्धियों की मिसाल बने दो चिकित्सकों को दी गई विदाई

## डॉ. हिमांशु एवं डॉ. धनराज सिंह के नेतृत्व व कार्यशैली को सबने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिला अस्पताल में बुधवार को दो चिकित्सकों डॉ. हिमांशु सिन्हा एवं डॉ. धनराज सिंह डड़सेना के अंतिम कार्य दिवस पर एक गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अस्पताल परिसर में डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें अस्पताल परिवार के सभी वर्गों के कर्मचारियों ने सहभागिता निभाई।

समारोह को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि दोनों चिकित्सकों ने अपने कार्यकाल की शुरुआत से ही असाधारण उपलब्धियां दर्ज कीं। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि उनके नेतृत्व एवं उपचार से भारत का तीसरा एवं छत्तीसगढ़ का पहला क्यूटेनियस नोकार्डिया संक्रमण का सफल प्रबंधन उपचार हुआ। साथ ही एक मिलियन में एक माने जाने वाले दुर्लभ इंसुलिनोमा केस का सफल उपचार, कार्डियक अरेस्ट मरीज को पुनर्जीवित करना, डायलिसिस सेवाओं में 91 प्रतिशत की वृद्धि तथा अनेक जटिल आपातकालीन मामलों का सफल उपचार उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों में शामिल रहा। नर्सिंग स्टाफ ने अपने वक्तव्य में कहा कि दोनों डॉक्टरों के समर्पण एवं नेतृत्व के कारण अस्पताल की रेफरल दर घटकर मात्र 3 प्रतिशत हो गई, जो जिला स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि है। साथ ही जिला अस्पताल को कई महत्वपूर्ण गुणवत्ता प्रमाणन दिलाने में उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। कार्यक्रम के अंत में सिविल सर्जन सहित समस्त चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं कर्मचारियों ने दोनों डॉक्टरों को औपचारिक विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### स्नेह, सम्मान व सहयोग हमेशा याद रहेगा

अपने संबोधन में डॉ. हिमांशु सिन्हा एवं डॉ. धनराज सिंह दरसेना भावुक हो उठे। उन्होंने जिला अस्पताल नारायणपुर परिवार के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों में उन्हें जो सम्मान, स्नेह, मार्गदर्शन और सहयोग मिला, वह जीवन भर अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने पूरी टीम को एक समर्पित एवं उत्कृष्ट परिवार बताते हुए कहा कि यहां की सीख और अनुभव उनकी आगामी सेवा यात्रा में सदैव प्रेरणा स्रोत रहेंगे।



### विशेष कार्य के लिए सम्मानित किए गए

यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में स्वास्थ्य विभाग में उत्कृष्ट कार्य हेतु दोनों चिकित्सकों को सिविल सर्जन, जिला अस्पताल नारायणपुर द्वारा सम्मानित किया गया था। इसके अतिरिक्त 26 जनवरी को जिला प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में माननीय सांसद श्री महेश कश्यप जी के करकमलों से भी उन्हें सम्मान प्राप्त हुआ।

**तैयारी : वार्षिक मेला लगेगा 9 मार्च को, नपं और मेला समिति की बैठक**

# विभाग बनाएंगे व्यवस्था, पार्किंग सहित सुरक्षा के संबंध में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लॉक मुख्यालय के वार्षिक मेला को लेकर नगर पंचायत के सभा कक्ष में बुधवार को एसडीएम फरसगांव अश्वन कुमार पुसाम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर पंचायत, मेला समिति सदस्य और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी की उपस्थिति में आगामी 9 मार्च को फरसगांव का वार्षिक मेले के आयोजन करने के सम्बन्ध में चर्चा की गई। साथ ही मेले के लिए सभी आवश्यक तैयारियों के संबंध में चर्चा किया गया। जनपद पंचायत फरसगांव, नगर पंचायत फरसगांव, पुलिस थाना, विद्युत विभाग आदि को आवश्यक व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान नगर पंचायत फरसगांव अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, तहसीलदार , सीएमओ, पार्षद , वरिष्ठजन, विभिन्न विभागों के अधिकारी गण, शीतला समिति के पदाधिकारी, गायता पुजारी उपस्थित थे।




### चौक चौराहों पर होगी सुरक्षा व्यवस्था

ब्लॉक मुख्यालय का मेला क्षेत्र का सबसे बड़ा मेला है इसमें सभी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मेला देखने पहुँचते है, नेशनल हाइवे रांधना रोड से मेला लगना शुरु होता है जो गायत्री मंदिर तक पहुँचता है. मेला शुरु होने से लेकर अंतिम दिन तक नगर में भीड़ भाड़ का माहौल रहता है, नेशनल हाइवे में अस्पताल चौक से लेकर बड़ेडोंगर चौक तक बहुत भीड़भाड़ होता है जिससे हादसे की आशंका बना रहता है, दुर्घटना न हो जिसके लिए पुलिस को खासा मशक्क्त करना पड़ता है. यातायात और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी चौक चौराहों पर पुलिस के जवान तैनात होंगे।

### चार जगह होगी पार्किंग व्यवस्था

मेला समिति बैठक में निर्णय लिया गया की मेला देखने के लिए बाहर से आने वाले लोगों के वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था की जाएगी। बड़ेडोंगर क्षेत्र और केशकाल क्षेत्र से आने वालो के लिए स्टेडियम मैदान और रविघोष प्लाट को पार्किंग स्थल बनाया गया। कोंडागांव की ओर से आने वाली गाड़ियों के लिए कॉलेज मैदान और जनपद स्कूल मैदान में पार्किंग व्यवस्था होगी. माकड़ी को ओर से आने वाली गाड़ियों को हाई स्कूल मैदान में पार्किंग करना होगा.

### दर्शकों के लिए चलित शौचालय की होगी व्यवस्था

अक्सर देखने को मिलता है की मेला देखने आए दर्शकों को शौचालय के लिए परेशानी उठनी पढ़ती है, दर्शकों की इन्ही समस्या को देखते हुए नगर पंचायत और मेला समिति ने यह भी फैसला लिया है की बाहर से मेला देखने आने वालों के लिए चार चालित शौचालय की व्यवस्था किया जाएगा, ताकि किसी को शौचालय के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

# ग्रामीणों को मिलेगा 125 दिनों का स्थानीय रोजगार : टेकाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनपद पंचायत केशकाल अंतर्गत ग्राम पंचायत खालेमुरवेण्ड खुटापारा में ग्राम पंचायत स्तरी विकसित भारत – गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन–ग्रामीण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।


कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक श्री टेकाम ने बताया कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर 125 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत कौशल आधारित कार्यों को बढ़ावा दिया जाएगा तथा महिला सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इससे ग्रामीणों को अपने गांव में ही रोजगार मिलेगा और पलायन की समस्या में कमी आएगी। विधायक ने कहा कि यह योजना आत्मनिर्भर, पारदर्शी एवं समावेशी ग्राम विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे गांवों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

**ग्रामीणों की रही सक्रिय भागीदारी :** कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच निर्मल कुमार मण्डावी, जनपद सदस्य रामचरित मण्डावी, ग्राम के गायता, पटेल, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, मनरेगा श्रमिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विकासखंड अंतर्गत बोरगांव में स्तिथ मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बुधवार की शाम वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकण्ठ टेकाम शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदलपुर के आये हुए जोसेफ कोल्लमपरम्बिल ने की, वही विशिष्ठ अतिथि के रूप में जगदलपुर से आये हुए शैक्षिक सचिव फादर मनीष एंथोनी शामिल हुए। कार्यक्रम में स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों सहित छात्र छात्राओं द्वारा शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस समारोह में विभिन्न उत्कृष्ट प्रदर्शनों के माध्यम से समग्र शिक्षा के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को उजागर किया गया। शैक्षणिक उपलब्धियों, खेल और कला में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण को मान्यता देते हुए स्मृति चिन्ह व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह के दौरान फरसगांव एबीईओ उदित सोनी, बोरगांव स्कूल में प्रिंसिपल फिलिप अब्राहम सहित शिक्षक शिक्षकाये सहित बड़ी संख्या में पालकगण और ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।




# भाजयुमो के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष परमानंद नाग का स्वागत, युवाओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष परमानंद नानू नाग के स्वागत के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित किया। नगर में उत्साह, ऊर्जा और जोश का वातावरण देखने को मिला। युवा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ अपने नए जिलाध्यक्ष का अभिनंदन करते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त भाजयुमो जिला महामंत्रीद्वय दीपेंद्र भोयर एवं बिस्सु दत्ता का भी आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

स्वागत कार्यक्रम की शुरुआत एडका चौक स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना एवं दर्शन से हुई, जहां परमानंद (नानु) नाग ने भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात अटल परिसर में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कोटगुड़िन मंदिर, मावली मंदिर, शीतला मंदिर एवं हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने फटाखे फोड़कर तथा मोटरसाइकिल रैली निकालकर अपने नवयुक्त जिलाध्यक्ष एवं महामंत्रीद्वय का स्वागत किया, जिससे पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर भी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने परमानंद का आत्मीय स्वागत किया। अपने संबोधन में नवयुक्त जिलाध्यक्ष परमानंद (नानु) नाग ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा मोर्चा संगठन की सबसे सशक्त और ऊर्जावान शक्ति है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवाओं के सहयोग, समर्पण और सक्रिय भागीदारी से संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा तथा समाज एवं क्षेत्र के विकास हेतु मिलकर कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सुस्पष्ट प्रिंटरीच वातावरण से प्राथमिक शिक्षा को मिल रहा नया आयाम, नवाचारी पहल बनी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सोनाबाल संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा में नवाचारी शिक्षक एवं प्रधान अध्यापक हितेंद्र कुमार श्रीवास द्वारा प्रिंटरीच वातावरण निर्माण की अनूठी पहल की जा रही है। विद्यालय स्थापना वर्ष 1984 में पिछले कई वर्षो से इस नवाचार को प्राथमिक शिक्षा में प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।

विद्यालय परिसर को शैक्षणिक प्रिंट सामग्री से सुसज्जित करने के कारण विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रतिशत में वृद्धि हुई है। साथ ही बच्चों की सीखने में रुचि, शैक्षणिक गुणवत्ता और सहभागिता में भी उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा निरंतर प्रिंटरीच वातावरण का उन्नयन किया जा रहा है।

विद्यालय के कक्षा कक्षों के साथ–साथ बाहरी परिसर में भी प्रिंटरीच सामग्री तैयार की गई है, जिससे बच्चे हर समय सीखने के अवसर से जुड़े रहते हैं। लघु अवकाश और दीर्घ अवकाश के दौरान भी विद्यार्थी इन शिक्षण सामग्रियों के माध्यम से खेल–खेल में सीखने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हैं। यह तकनीक बाल सुलभ और बाल सहज शिक्षण की श्रेणी में आती है, जो बच्चों को बिना दबाव के सीखने के लिए प्रेरित करती है। प्रिंटरीच वातावरण से शिक्षा को रोचक बनाने के साथ–साथ विद्यार्थियों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास में भी वृद्धि हो रही है। शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा, सोनाबाल के बाह्य परिसर सहित प्रिंटरीच वातावरण निर्माण कार्य निरंतर जारी है, जो जिले में प्राथमिक शिक्षा के लिए प्रेरणादायी मॉडल बनता जा रहा है।





# कोंडागांव जिले में बनेगा मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

देश की नामी संस्था मोरल ग्रुप ऑफ कम्पनीज बस्तर संभाग के कोंडागांव जिले में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना की दिशा में आगे बढ़ रही है। संस्था द्वारा रियल हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत पूरे देश में 108 अस्पताल स्थापित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।

मोरल ग्रुप ऑफ कम्पनीज मिशन "अमर" के तहत संस्था द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से अस्पतालों का निर्माण किया जा रहा है। बीते कुछ महीनों में देश के विभिन्न स्थानों पर 5 अस्पतालों का भूमिपूजन भी किया जा चुका है। इसी कड़ी में बस्तर संभाग के कोंडागांव जिले को चिन्हांकित किया गया है, जहां शीघ्र ही भूमिपूजन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। इससे जिले सहित आसपास के क्षेत्रें के नागरिकों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विगत 14 फरवरी को मोरल ग्रुप ऑफ कम्पनीज के सौजन्य से कोंडागांव के ऑडिटोरियम हॉल में मोरल उत्कर्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सैकड़ों मोरल परिवारजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय कुमार शर्मा रहे।

### ओपीडी निःशुल्क बस सेवा भी रहेगी मुफ्त

प्रस्तावित हॉस्पिटल में क्षेत्रवासियों के लिए ओपीडी सेवाएं निःशुल्क रहेंगी। वहीं ऐप आधारित प्रणाली के माध्यम से 10 से 40 प्रतिशत तक उपचार शुल्क में छूट की पात्रता भी होगी। हॉस्पिटल से 20 किलोमीटर की परिधि में आने–जाने के लिए निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे मरीज सुबह अस्पताल आकर इलाज करा सकेंगे और शाम को घर लौट सकेंगे। हॉस्पिटल के संचालन से सैकड़ों स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इससे बस्तर क्षेत्र की बेरोजगारी, आर्थिक स्थिति और स्वावलंबन को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप



### दिव्यांग हितग्राही को मिली मोटराइज्ड ट्राइसिकल

**कोण्डागांव।** शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत दिव्यांगजनों को आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को कोंडागांव के सरगीपाल निवासी दिव्यांग हितग्राही अबूजर अली को मोटराइज्ड ट्राइसिकल प्रदाय की गई। अबूजर अली जन्म से दिव्यांग हैं तथा वर्तमान में बस टिकट एजेंट के रूप में कार्य कर रहे हैं। शारीरिक असुविधा के कारण उन्हें दैनिक आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जिससे उनके कार्य संचालन में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी। मोटराइज्ड ट्राइसिकल प्राप्त होने से अब उनके आवागमन में काफी सहूलियत होगी। इससे वे अपने बस एजेंट के कार्य को अधिक सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित कर सकेंगे। ट्राइसिकल मिलने पर हितग्राही अबूजर अली ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह सहायता उनके लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा सहारा साबित होगी।

### 71 निर्माण एवं असंगठित श्रमिकों का हुआ पंजीयन



**कोण्डागांव।** जिले में निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों के पंजीयन, नवीनीकरण एवं विभागीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत पुसावंड में मोबाइल पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला कोण्डागांव द्वारा किया गया। शिविर में कुल 71 श्रमिकों का सफलतापूर्वक पंजीयन किया गया, जिससे उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। शिविर में उपस्थित श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इनमें नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल रहीं। अधिकारियों ने श्रमिकों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की, ताकि वे सामाजिक सुरक्षा एवं आर्थिक सहायता योजनाओं से जुड़कर अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित कर सकें।

### भाजपा युवा मोर्चा में देवेंद्र और सुरेंद्र बनाए गए मंडल अध्यक्ष



**फरसगांव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा में संगठनात्मक विस्तार के तहत कोण्डागांव जिले में नए चेहरों और कर्मठ कार्यकर्ताओ को बडी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिनका उद्देश्य संगठन को और अधिक सशक्त बनाना है। भारतीय जनता पार्टी के युवा संगठन भारतीय जनता युवा मोर्चा ने फरसगांव मंडल के लिए देवेंद्र निषाद और बड़ेडोंगर मंडल के लिए सुरेंद्र बघेल को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। फरसगांव मण्डल से युवा मोर्चा के नए अध्यक्ष के रूप में देवेंद्र निषाद को और बड़ेडोगर मंडल से सुरेंद्र बघेल को नया मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने विश्वास जताया है कि सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष द्वारा दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे।

## खबर संक्षेप

### भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री बने गौरव



**गीदम।** छात्र जीवन से ही छात्रहितों की लड़ाई में सक्रिय रहे युवा चेहरा गौरव भवानी को भारतीय जनता युवा मोर्चा में जिला मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। गौरव भवानी लंबे समय से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे हैं और महाविद्यालय परिसर में प्रवेश परीक्षा परिणाम सहित छात्र छात्राओं की समस्याओं को लेकर मुखर आवाज उठाते रहे हैं। छात्रहितों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संगठनात्मक क्षमता एवं सक्रिय नेतृत्व को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई है। जिला मंत्री बनाए जाने पर गौरव भवानी ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने किरण सिंह देव प्रदेश अध्यक्ष चैतराम अटामी क्षेत्रीय विधायक संतोष गुप्ता भाजपा जिला अध्यक्ष एवं राहुल असरानी जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया। गौरव भवानी ने कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे तथा युवाओं और छात्रों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के सहयोग से दंतेवाड़ा जिले में युवाओं के हितों के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

### कैंसर मुक्त भारत पर हुई जागरूकता कार्यशाला



**गीदम।** जिले के बारसूर में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दो दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बारसूर में आयोजित हुई, जहां स्टॉप कैंसर मिशन मल्टीपर्पस सोसाइटी नागपुरकी काउंसलर शिल्पा चौधरी ने शिक्षकों को कैंसर से बचाव और शुरुआती पहचान को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कार्यशाला में संकुल केंद्र बारसूर, मुचनार और उपेट के शासकीय एवं निजी विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान पुरुषों में मुख, फेफड़े और पाचन तंत्र के कैंसर, महिलाओं में गर्भाशय और स्तन कैंसर, तथा बच्चों में ब्लड कैंसर के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने कहा कि समय पर जांच, सही जीवनशैली और जागरूकता से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव है। ऐसी कार्यशालाएं बारसूर सहित पूरे बस्तर संभाग में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही हैं।

# इंद्रावती के तट पर रोमांच, विश्वास और बदलाव की नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

■ मट्टीमरका में रिवर एडवेंचर फेस्ट





जिले के मट्टी मड़का में आयोजित रिवर एडवेंचर फेस्ट केवल एक साहसिक खेल आयोजन नहीं, बल्कि बदलते बस्तर की नई तस्वीर और उम्मीदों का जीवंत उत्सव बनकर सामने आया। जिला प्रशासन की पहल पर इंद्रावती नदी के रेतीले तटों पर सजा यह आयोजन दूरस्थ आदिवासी गांवों के बच्चों और युवाओं के लिए यादगार अनुभव साबित हुआ। कभी भय और अलगाव की छाया में रहे इस अंचल में अब उत्साह, आत्मविश्वास और रोमांच की नई रोशनी दिखाई दे रही है। मुख्यधारा से जुड़ने की दिशा में यह आयोजन युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। फेस्ट में जिपलाइन, बंजी जंपिंग, जुमरिंग, पैराग्लाइडिंग, रॉक क्लाइंबिंग, एटीवी राइड, तीरंदाजी, बीच वॉलीबॉल और रिवर कैंपिंग जैसी गतिविधियों ने प्रतिभागियों को रोमांच का अनूठा अनुभव कराया। रात में स्टार गेजिंग और दिन में स्थानीय बस्तरिया व्यंजनों का स्वाद इस आयोजन को और भी खास बना गया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में साहसिक खेलों के प्रति रुचि विकसित करना, पर्यटन को बढ़ावा देना और अंदरूनी गांवों के बच्चों को नए अवसरों से जोड़ना रहा। बड़ी संख्या में आदिवासी बच्चों की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि अवसर मिलने पर वे भी नए सपनों को साकार करने की क्षमता रखते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिला प्रशासन और कलेक्टर संबित मिश्रा के प्रयासों से संभव हुए। इस आयोजन में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे सहित वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने स्वयं बच्चों के साथ जिपलाइन का आनंद लिया। जिससे बच्चों का उत्साह दोगुना हो गया। कलेक्टर, सीईओ और जिला प्रशासन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने प्रतिभागियों के साथ बैठकर भोजन भी किया, जिसने प्रशासन और आमजन के बीच आत्मीयता और विश्वास का संदेश दिया। मट्टी मड़का बीजापुर में आयोजित यह रिवर एडवेंचर फेस्ट केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि विश्वास, विकास और बदलते बस्तर की नई पहचान बनकर उभरा है। जहां अब डर नहीं, बल्कि सपनों की उड़ान दिखाई दे रही है।

## सिविक एक्शन व चिकित्सा शिविर से 750 ग्रामीण हुए लाभान्वित

# डब्बाकोंटा क्षेत्र में आशा व विश्वास की नई किरण जागृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा





बीते पांच दशक से नक्सल समस्या एवं विकास स्वास्थ्य सुविधाओं एवं भय व्याप्त के साथ जीवन यापन करने वाले ग्रामीणों में अब आशा एवं विश्वास की नई किरण जागृत हो चली है।

नक्सल भय से कोंटा विकासखंड के दर्जनों गांवों में जन कल्याणकारी कार्यक्रमों तथा शासन-प्रशासन के द्वारा दिए जा रहे लाभ से वंचित हो रहे ग्रामीण अब सुरक्षा बलों एवं शासन के प्रति विश्वास सुदृढ़ कर हर कार्यक्रमों में भाग लेकर लाभ उठा रहे है।

■ पेंटापाड़, एंटापाड़, डब्बाकोंटा, इतराजपाड़ व तुमलपाड़ गांवों के ग्रामीण शिविर में पहुंचे

आज सीआरपीएफ के 50वीं बटालियन के सीडी कंपनी के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम और ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका लाभ लेने पेंटापाड़, एंटापाड़, डब्बाकोंटा, इतराजपाड़ एवं तुमलपाड़ गांवों के तकरीबन 750 के आस-पास ग्रामीण पहुँचे। छत्तीसगढ़ सेक्टर के सीआरपीएफ महानिरीक्षक तथा कोंटा रेंज के उप महानिरीक्षक के दिशानिर्देश एवं कमांडेंट प्रेमजीत कुमार 50वीं वाहिनी की उपस्थिति में सम्पन्न कार्यक्रम में ग्रामीणों को साड़ी, छाता, कंबल, खेल सामग्री क्रिकेट किट, वॉलीबॉल एवं नेट, फुटबॉल घरेलू उपयोग की सामग्री तथा मलेरिया से बचाव हेतु मच्छरदानी सहित दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली अति आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। जिससे लगभग 750 ग्रामीण लाभान्वित हुए।

### दवाइयों का वितरण व कराया भोजन

आयोजित मेडिकल कैंप में बिनोद कुमार टोप्पो मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नितेश कुमार सिंह चिकित्सा अधिकारी 50वीं वाहिनी द्वारा ग्रामीणों के सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप बीपी जांच, रक्त शर्करा शुगर, मलेरिया, त्वचा रोग जांच, महिला एवं बाल स्वास्थ्य परीक्षण तथा वृद्धजनों के स्वास्थ्य परीक्षण सहित विभिन्न प्रकार की चिकित्सीय जांच की गई और आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों एवं बचाव उपायों की भी जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित ग्रामीणों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## रोमांच से भरपूर रहे मुकाबले

# अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खेले गए चार मैच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन सुबह के सत्र में चार रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया। पहले मुकाबले में जबलपुर रेलवे ने अम्मा मार्केटिंग जबलपुर को कड़े संघर्ष के बाद पराजित कर जीत अपने नाम की। मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन स्मैश और मजबूत डिफेंस का प्रदर्शन किया।

दूसरे मुकाबले में पुणे की टीम ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल दिखाते हुए बीजापुर स्पोर्ट्स अकैडमी को हराकर जीत दर्ज की। वहीं तीसरे प्रमुख मुकाबले में सीजी पुलिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश की टीम को मात दी। पूरे मैच के दौरान दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के दूसरे दिन शाम के सत्र में कुल 10 मैच खेले जाएंगे, जिससे खेल प्रेमियों को और भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

प्रतियोगिता में देशभर की टीमों की भागीदारी से आयोजन का स्तर काफी ऊँचा नजर आ रहा है और दर्शकों की भारी उपस्थिति से खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ रहा है। उक्त प्रतियोगिता में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा विशेष रूप से उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

# दसवीं के भैया बहनों ने अपने विद्यालय जीवन के अनुभव को सबके बीच बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में कक्षा दसवीं का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व छात्र आशीष शुक्ला, गौरव सुराना व विकेश सुराना उपस्थित रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओंम व भारत माता के छायाचित्र की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन के साथ किया। कक्षा नवम के भैया बहनो अतिथियों का स्वागत तिलक वंदन पुष्प गुच्छ श्रीफल द्वारा किया। अपने उद्बोधन में अतिथि पूर्व छात्रों ने अपनी पुरानी यादों को भैया बहनों के सामने रखा। उन्होंने भैया बहनों से कहा कि शिशु मंदिर संस्कारधानी के रूप में जाना जाता है यहां जो हमें संस्कार अनुशासन और शिक्षा मिली है उसे हम जीवन भर याद रखेंगे। शिशु मंदिर से मिला संस्कार हर जगह हमें नेतृत्व करने में काम करने में आता है हमें कहीं पर भी कठिनाई नहीं होती। हम सदैव अपनी संस्था से जुड़े रहेंगे और विद्यालय के गौरव को बढ़ाते रहेंगे। इसके पश्चात कक्षा दसवीं के भैया बहनों ने अपने 12 वर्षों का अनुभव छोटे भैया बहनों के साथ साझा किया और भैया बहनों ने विद्यालय में मिले संस्कार और अनुशासन को जीवन भर आत्मसात करने का संकल्प लिया। कक्षा नवम के भैया बहनों ने दसवीं के भैया बहनों का तिलक वंदन किया। विद्यालय की ओर से सभी भैया बहनों को प्रतीक चिन्ह के रूप में भेट दी गई।

■ सरस्वती शिशु मंदिर में दसवीं के भैया बहनों को दी गई विदाई

आचार्य दीदियों ने भी दसवीं के भैया बहनों को आशीर्वाद देकर कहा कि आप सब सदैव आगे बढ़ते रहे व हमेशा संस्कार व अनुशासन का ध्यान रखें। दशम कक्षा की कक्षा शिक्षक श्रीमती बसंती नायक ने विद्यालय की संक्षिप्त जानकारी देते हुए दसवीं कक्षा के बच्चों को शुभाशीष दिया। वहीं श्रीमती हेमा कौमार्य दीदी ने भी बच्चों को कक्षा दसवीं के अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए प्रेरित किया।

### शिवाजी की जयंती भी मनाई गई

इस दौरान विद्यालय में हिंदू सम्राट शिवाजी की जयंती भी मनाई गई। शिवाजी की छाया चित्र में दीप जलाकर शिवाजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। शिवाजी का जन्म 19 फरवरी 1830 को महाराष्ट्र में हुआ था। माता जीजाबाई ने देशभक्ति का पाठ पढ़ाया। जिसके बाद शिवाजी ने हिंदू राज्य की स्थापना कर आक्रांताओं के छक्के छुड़ा दिए जो इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए अमर हो गया।

# कुम्हाररास सरोवर, मुचनार, बारसूर में टूरिस्ट सर्किट होगा विकसित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दक्षिण बस्तर अपनी अद्वितीय प्राकृतिक छटा, सांस्कृतिक समृद्धि और ऐतिहासिक विरासत के लिए विशेष पहचान रखता है। घने वनों, सुरम्य पहाड़ियों, झरनों और शांत वातावरण से आच्छादित दंतेवाड़ा जिला पर्यटन की अपार संभावनाओं से भरपूर है। यहां स्थित विश्व प्रसिद्ध मां दंतेश्वरी मंदिर देशभर से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करता है। यह मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि बस्तर की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी है।

इसी प्रकार ऐतिहासिक नगरी बारसूर अपने प्राचीन मंदिरों, भव्य तालाबों और अद्भुत स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध है। इसे कभी मंदिरों की नगरी भी कहा जाता था। यहां के पुरातात्विक अवशेष और शिल्पकला आज भी क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास की गवाही देते हैं। प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक धरोहर का अनूठा संगम दंतेवाड़ा को पर्यटन के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान प्रदान करता है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने वन विभाग, पर्यटन विभाग, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा स्थानीय ग्रामीण अमले के साथ विभिन्न पर्यटन स्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम कुम्हाररास डेम, फरसपाल स्थित ढोलकल क्षेत्र, बारसूर के मुचनार परिसर, टूरिस्ट कॉटेज एवं जिप लाइन सहित अन्य प्रमुख स्थलों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिले के पर्यटन नक्शे पर कुम्हाररास डेम को प्रमुख आकर्षण के रूप में विकसित करने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष पहल की जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि डेम के आसपास एक समग्र पर्यटन सर्किट विकसित करने की योजना तैयार की गई है। इस योजना के अंतर्गत होमस्टे सुविधा, बोटिंग, आकर्षक कैंटीन, स्थानीय बांस एवं माटीकला आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी, सेल्फी प्वाइंट, नेचर ट्रेल तथा बच्चों के लिए मनोरंजन क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। इससे पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति, परंपरा और हस्तशिल्प का भी अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए दूरगामी सोच के रूप में जिले के अन्य पर्यटन क्षेत्रों में पर्यटन सुविधाओं को विकसित करना हमारा लक्ष्य रहेगा ताकि धार्मिक आस्था के साथ-साथ जिले की अनूठी कला संस्कृति के अलावा साहसिक पर्यटन से भी श्रद्धालु रूबरू होगें।

# रूपा पाणिग्राही को मिली भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता रूपा पाणिग्राही को संगठन ने उनके निरंतर परिश्रम, सक्रियता एवं निष्ठा को देखते हुए महिला मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनके इस मनोनयन से महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं एवं संगठन में उत्साह का वातावरण है। भारतीय जनता पार्टी का मूल आधार उसके समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्ता हैं, जो संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं।



रूपा पाणिग्राही लंबे समय से संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों, अभियानों एवं जनसंपर्क गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। महिलाओं को संगठित करने, सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने तथा सरकार की योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने में उनका विशेष योगदान रहा है। उनकी नियुक्ति पर किरण देव प्रदेश अध्यक्ष भाजपा, विभा अवस्थी प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा, विधायक चैतराम अटामी, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता तथा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पायल गुप्ता सहित भाजपा के वरिष्ठजनों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं और विश्वास जताया है कि वे संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगी।

### योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता

नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रूपा पाणिग्राही ने इस दायित्व के लिए शीर्ष नेतृत्व एवं जिला संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के विश्वास पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा एवं प्रधानमंत्री और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। वे महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता एवं संगठन विस्तार को लेकर निरंतर कार्य करती रहेंगी। उन्होंने यह भी विश्वास दिलाया कि महिला मोर्चा की टीम भावना के साथ कार्य करते हुए वे जिले में संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाएंगी तथा आने वाले समय में पार्टी के कार्यक्रमों को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगी।

# स्वास्थ्य विभाग और बीजादूतीर स्वयंसेवकों की सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



विकासखंड भैरमगढ़ के ग्राम मंगलनार में मलेरिया मुक्त बीजापुर अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम और बीजादूतीर स्वयंसेवक मिलकर व्यापक स्तर पर मलेरिया जांच और जागरूकता गतिविधियां संचालित कर रहे हैं।

अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गांव में घर-घर जाकर मलेरिया की जांच की जा रही है। इस कार्य में बीजादूतीर स्वयंसेवक सक्रिय रूप से सहयोग करते हुए ग्रामीणों को जांच के लिए प्रेरित कर रहे हैं। स्वयंसेवकों की सहभागिता से ग्रामीणों में अभियान के प्रति विश्वास और उत्साह देखने को मिल रहा है। स्वयंसेवकों द्वारा समुदाय एवं बच्चों को मलेरिया से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी जा रही है। साफ-सफाई बनाए रखने, घर के आसपास पानी जमा न होने देने तथा नियमित रूप से मच्छरदानी के उपयोग के महत्व पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बच्चों को सरल भाषा में समझाया जा रहा है कि मच्छरों से बचाव ही मलेरिया से सुरक्षा का सबसे प्रभावी तरीका है। ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई है।

स्वास्थ्य विभाग और स्वयंसेवकों के संयुक्त प्रयास से बीजापुर जिले को मलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

स्वस्थ बीजापुर- सुरक्षित भविष्य के संकल्प के साथ यह अभियान निरंतर जारी है।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के क्लेम से परिवार को मिला आर्थिक सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



साधारण बीमा कराये जाने सभी परिवारों के लिए अनिवार्य हो चला है। इससे हितग्राही परिवार को आर्थिक सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा भी मिलती है जो परिवार का मानसिक सबंल के लिए पर्याप्त होती है। इस क्रम में जिले के ग्राम पंचायत धुरली की निवासी स्वर्गीय पार्वती मरकाम के निधन उपरांत उनके परिवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। योजना के अंतर्गत नामांकित हितग्राही भीमा मरकाम को 2 लाख रुपये की बीमा दावा राशि का चेक केनरा बैंक शाखा भांसी द्वारा प्रदाय किया गया।



## खबर संक्षेप



### राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष का प्रवास

**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा रूपसिंह मंडावी जिला प्रवास के दौरान भानुप्रतापपुर पहुंचे। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। प्रवास के दौरान संगठनात्मक व जनजातीय मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे के नेतृत्व में, महामंत्री राजीव श्रीवास, गिरधारी नरेटी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंद जैन, मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा राकेश देवांगन, ज्वाला जैन, सन्नी राम कोरेटी, योगेश सोनवानी, चैतुराम आंचला, मनोज रावटे, सरिता जोशी, संगीता टांडिया, प्रमिला शोरी, सुमित्रा साहू, हिमांशु ठाकुर, प्रेम शर्मा, गौरव श्रीवास्तव, कौशल रामटेके, कनक राजपूत, भक्तेस्वर सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

### रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग 21 को

**कांकेर।** जिले के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को बेहतर व आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार व स्वरोजगार से जोड़कर सक्षम बनाने के लिए लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर में 30 सीटों में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन कोर्स में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए 21 फरवरी को लाइवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर कांकेर में प्रातः 10 से शाम 04 बजे तक कांउसलिंग का आयोजन किया गया है। अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, 04 पासपोर्ट साइज फोटोग्रॉफ, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित समय में काउंसलिंग में उपस्थित होने कहा गया है।

### कार्यशाला में किसानों को मिली रबी खेती पर मिला वैज्ञानिक जानकारी



**नरहरपुर।** एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना अंतर्गत रबी वर्ष 2025-26 के तहत जिले में किसानों को उन्नत कृषि तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम बतबनी, विकासखंड नरहरपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर में किया गया। अतिथियों द्वारा भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दिनेश कुमार कुंजाम ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ्य एवं मृदा परीक्षण, नैनो डीएपी, नैनो यूरिया, प्राकृतिक खेती, तथा 17 प्रतिशत नमक घोल उपचार का जीवंत प्रदर्शन कर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में रोशन कुमार निषाद, लक्ष्मी नाथ नेताम, मनीष वर्मा, चैत राम कोडोपी, मनोज सलाम, महिला कृषक एवं किसान भाई उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

# कमिश्नर ने मावा मोदोल पुनर्वास केन्द्र का किया निरीक्षण व पीएससी परीक्षार्थियों को प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

19 फरवरी को जिले के चारामा - भानुप्रतापपुर क्षेत्र के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने चारामा के ग्राम चपेली में लाख उत्पादन एवं संग्रहण केन्द्र, भानुप्रतापपुर में मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग संस्था तथा ग्राम चौगेल, मुल्ला में माओवाद पुनर्वास केन्द्र का अवलोकन व निरीक्षण करते हुए बस्तर संभाग के संभागायुक्त डोमन सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा कमिश्नर ने ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं और महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

बस्तर कमिश्नर ने 19 फरवरी को विकासखण्ड मुख्यालय भानुप्रतापपुर में स्थित मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग संस्था एवं हाईटेक लाइब्रेरी का अवलोकन किया। उन्होंने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर माध्यम बताया। इस दौरान लाइब्रेरी में अध्ययनरत विद्यार्थियों से रूबरू होकर मार्गदर्शन किया। साथ ही क्लासरूम में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे पूरी शिद्दत से पाठ्यक्रमों पर मेहनत करें, क्योंकि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। आज के दौर में विभिन्न सुविधाओं के साथ-साथ कॉम्पीटिशन भी बढ़ गया है। बस्तर कमिश्नर ने सभी विद्यार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही है, जो जीवन में आमूल-चूल और सकारात्मक परिवर्तन लाती है। अतः जीवन में शिक्षा बहुत ही आवश्यक है।

**कृषि आधारित पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण देने के दिए निर्देश :** कमिश्नर ने भानुप्रतापपुर क्षेत्र के प्रवास के दौरान ग्राम चौगेल (मुल्ला) स्थित माओवाद पुनर्वास केन्द्र का अवलोकन किया।



आत्मसमर्पित माओवादियों की मांग के अनुसार उन्नत कृषि, बागवानी, मुर्गी पालन, मछली पालन, बकरी पालन, शूकर पालन आदि का तकनीकी प्रशिक्षण प्रदाय करने के लिए एक सप्ताह के भीतर कार्ययोजना तैयार करने के लिए नोडल अधिकारी को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणरत 39 आत्मसमर्पित माओवादियों को ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस और 6 को राशन कार्ड मौके पर वितरित किए। नोडल अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 40 आत्मसमर्पित माओवादियों को चार पहिया वाहन चालन, सिलाई, सहायक इलेक्ट्रिशियन तथा काष्ठशिल्प पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही नियमित रूप से प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर की शिक्षा भी दी जा रही है।

### लाख उत्पादन एवं संग्रहण की ली जानकारी

कमिश्नर ने चारामा विकासखंड के ग्राम चपेली स्थित लाख उत्पादन एवं संग्रहण केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे लाख उत्पादन और स्वरोजगार से लाभ की जानकारी ली। मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह की सदस्य मालती मंडावी ने बताया कि 10 सदस्यीय समूह के द्वारा लाख का उत्पादन लगभग 8-10 सालों से किया जा रहा है। इसके पहले पूर्वजों के द्वारा पारंपरिक तौर पर लाख की खेती की जाती थी। समूह की महिलाओं ने बताया कि लाख का उत्पादन प्रायः कुसुम, बेर के पेड़ अथवा बौनी प्रजाति के सेमियालता के पौधों में किया जाता है। इसके लिए शाख कर्तन कर उसमें लाख के बीज रोपित किए जाते हैं और कीड़े के प्रोसेस से लाख तीन से छह महीने में लाख तैयार हो जाता है।

### ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की ली संक्षिप्त बैठक

जिला प्रवास के दौरान बस्तर कमिश्नर ने भानुप्रतापपुर विकासखंड मुख्यालय के जनपद पंचायत के सभाकक्ष में ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, वन, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं और गतिविधियों के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

शांति भंग करने वाले और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी

# मोर मितान-कांकेर पुलिस से गांवों में बढ़ी सुरक्षा, 154 ग्रामों में लागू हुई बीट प्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा आम जनता के साथ विश्वास और संवाद की डोर को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मोर मितान-कांकेर पुलिस अभियान के तहत एक नई, प्रभावी और जमीनी पहल की गई है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 154 ग्रामों में बीट प्रणाली लागू कर दी गई है। गांवों में शांति भंग करने वाले तत्वों और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए, पुलिस अब जनता का मित्र बनकर उनकी समस्याओं को समझेगी और त्वरित सहायता उपलब्ध कराएगी।

मोर मितान -कांकेर पुलिस अभियान का मूल मंत्र है निरंतर संपर्क, भरोसेमंद संवाद और समयबद्ध कार्रवाई। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम के लिए बीट प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। थानों में पदस्थ सिपाही से लेकर एएसआई तक को अलग-अलग क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि हर गांव तक पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। बीट प्रणाली को व्यवस्थित और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए प्रत्येक बीट प्रभारी और आरक्षक को बीट बुक प्रदान की जाएगी। इस बीट बुक में क्षेत्र के पुलिस सहयोगियों और संस्थाओं की जानकारी, निगरानी, गुंडा बदमाश व संदिग्ध व्यक्तियों



का रिकॉर्ड, मकान मालिक-किराएदार, कबाड़ी एवं बाहरी मुसाफिरों का विवरण संधारित रहेगा। साथ ही क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों का विवरण, शस्त्र लाइसेंसियों की जांच, पेंशनधारक व शासकीय सेवकों की जानकारी तथा ग्राम में आयोजित मड़ई, मेला, त्योहार और साप्ताहिक बाजारों का पूरा रिकॉर्ड भी इसमें दर्ज किया जाएगा।

### पंचायत में लगाए जाएंगे मोबाइल नंबर

जनसुविधा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए बीट प्रभारी के नाम और मोबाइल नंबर पंचायत भवन में चस्पा किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, सूचना बोर्ड भी लगाए जाएंगे, ताकि कोई भी पीड़ित या जरूरतमंद नागरिक सीधे अपने बीट प्रभारी से संपर्क कर सके। इससे शिकायतों के त्वरित समाधान और भरोसेमंद पुलिसिंग को बढ़ावा मिलेगा। बीट प्रणाली के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सामुदायिक पुलिसिंग पर विशेष जोर दिया गया है।

### जोड़कर बनाए जाएंगे ग्रुप

सरपंच, पटेल, कोटवार, जनप्रतिनिधि, ग्राम के नवयुवक, महिला समूह, समाजसेवी संस्थाएं और पुलिस सहयोगी व्यक्तियों को जोड़ते हुए व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएंगे। इन समूहों के माध्यम से सूचनाओं का आदान-प्रदान, समस्याओं की पहचान और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित होगी, जिससे पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम होगी और संवाद मजबूत होगा।

### जनता का भरोसा जीतना ही मुख्य उद्देश्य

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा का कहना है कि मोर मितान-कांकेर पुलिस अभियान का मुख्य उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच मजबूत, भरोसेमंद और निरंतर संपर्क स्थापित करना है। इस पहल से अपराधों की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी, स्थानीय समस्याओं की पहचान और उनके समयबद्ध समाधान को गति मिलेगी। साथ ही, जनता के मन में सुरक्षा और विश्वास की भावना को सुदृढ़ कर सुरक्षित, शांत और सहयोगी समाज के निर्माण की दिशा में एक ठोस कदम सिद्ध होगा।

# सुरूंगदोह संकुल में शिक्षक सम्मान एवं विदाई समारोह



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

संकुल केंद्र सुरूंगदोह में आयोजित संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान एवं विदाई समारोह में हृदयस्पर्शी क्षणों का साक्षात्कार हुआ। इस अवसर पर उन समर्पित शिक्षकों को भावभीनी विदाई दी गई, जिन्होंने वर्षों तक शिक्षा के प्रदीप को जलाए रखा। अंत में सभी शिक्षकों को स्मृति चिन्ह, डायरी, पेन, शाल, श्रीफल सहित अन्य स्नेहपूर्ण उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने भी अपनी ओर से हृदयस्पर्शी भेंट स्वरूप उपहार अर्पित किए।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात अतिथि शिक्षकों का पुष्पगुच्छ, हार, तिलक एवं हार्दिक स्वागत किया गया। संकुल समन्वयक राजकुमार चंद्राकर ने स्वागत उद्बोधन में सभी के निष्ठा, समर्पण एवं अथक परिश्रम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। सेवानिवृत्ति हो चुके टिबिया राम कुमेटी जो प्रधान पाठक के पद से माशा सुरूंगदोह से रिटायर हुए और साथ ही युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत सुकमा में सेवारत रविशंकर ओट्टी, प्राशा भंडारडिगी में प्रधान पाठक के रूप में कार्यरत कली यादव, प्राशा बेल्दो में पदस्थ ओकेश्वर चुरेंद्र, पदोन्नति प्राप्त कर हाईस्कूल बोग़र में व्याख्याता बने रोशन जैन तथा माशा गुरवंडी में शिक्षणरत ममता जायसवाल सभी शिक्षकों को गहन सम्मान एवं स्नेहपूर्ण विदाई प्रदान की गई। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक टिबिया राम कुमेटी ने अपने लंबे शिक्षण सफर की कुछ यादें साझा करते हुए बताया कि उन्होंने विभिन्न शालाओं में सेवा देते हुए अंततः सुरूंगदोह से विदा ली। उन्होंने यहां के सहयोगी स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि उनका कार्यकाल सुखद और संतोषजनक रहा। इस अवसर पर प्रधान पाठक बालसिंह रावटे, दलसू राम नरेटी, हेमंत वर्मा, रामाधीन कोमरा सहित संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पारंपरिक खेल कबड्डी हमारी सांस्कृतिक और ग्रामीण जीवन की पहचान : मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरहरपुर

ग्राम पंचायत चारभाठा के आश्रित गाँव उरैया में युवाओं की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नवयुवक संगठन द्वारा आयोजित रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिथि मुकेश संचेती ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व विकास का मजबूत आधार है। कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति और ग्रामीण पहचान का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और



आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को पूरी निष्ठा और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। सरपंच पियरबती नेताम ने ग्राम पंचायत द्वारा खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। जनपद सदस्य मोनिका नेताम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता है उन्हें उचित मंच प्रदान करने की। मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर ने युवाओं को नशामुक्त रहकर खेलों से जुड़ने की प्रेरणा दी। अघन मरकाम ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजक समिति द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में आसपास के ग्रामों की टीमों ने भी भाग लिया, जिससे प्रतियोगिता में रोमांच और प्रतिस्पर्धा का स्तर बढ़ गया। रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता के इस भव्य आयोजन ने ग्राम उरैया को खेल उत्सव के रंग में रंग दिया और युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया।

# रेत के अवैध खनन पर कार्रवाई नहीं, युकां ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल की नदियों में रेत माफिया द्वारा लगातार अवैध रूप से रेत खनन किए जाने का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। इस संबंध में कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से नाराज ब्लॉक युवक कांग्रेस ने 19 फरवरी को विरोध प्रदर्शन करते हुए दुर्गुकोंदल मुख्य मार्ग बस स्टैंड में पुतला दहन किया गया।



पुतला दहन के दौरान युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि अवैध रेत खनन रोकने, दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने और खनन विभाग की भूमिका की जांच की मांग की। इस अवसर पर ब्लॉक युवक कांग्रेस अध्यक्ष गन्नू राम सिन्हा ने कहा कि दुर्गुकोंदल की नदियों में रेत माफिया खुलेआम अवैध खनन कर रहे हैं। इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि नदी तटों का कटाव बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में खतरा भी बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध रेत खनन को लेकर संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होने कहा कि हमारी माँग है कि बिगड़ी व्यवस्था को ठीक किया जाए। प्रदर्शन के बाद युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र कार्रवाई की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में नरेंद्र पटेल, हरेश रावटे, परमेश्वर बघेल, फुलेश्वर यादव, राकेश कुमार यादव, संजीत पटेल, शिवराज, देवेंद्र मंडावी, रूपेश कुमार सिन्हा, किशोर कोवाची, ललित पटेल सहित बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत 35 वर्षीय युवक मनोज कुमार नेताम निवासी ग्राम चोरिया 17 फरवरी की रात 8 से 10 बजे के ग्राम अंजनी स्थित रामप्रसाद मरकाम के घर की बाड़ी में अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। पुलिस को 18 फरवरी की सुबह 9 बजे जानकारी मिली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मरसा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# साइंस ओलंपियाड परीक्षा में छात्रों ने जीते गोल्ड मेडल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

पैराडाइज सीबीएसई स्कूल में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन परीक्षा का आयोजन 19 फरवरी को किया गया। परीक्षा में छात्रों ने विज्ञान एवं गणित विषय में जीते गोल्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र प्राप्त किया। विद्यालय में छात्रों की वैज्ञानिक सोच और गणितीय तर्कशक्ति को राष्ट्रीय स्तर तक विकसित करने के उद्देश्य से साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा नेशनल विज्ञान ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में विद्यालय के 65 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर आरोही गोस्वामी, स्पृहा सिंह, सौरव कुमार पाणिग्रही, तमन्ना सोनवानी, अंशिका जायसवाल, कुनाल कुंजाम, अलीना बानों, जनार्दन कुंभकार, दृष्टि मरकाम, अदिति मरकाम, गुंजन नेताम एवं एकता कृषन को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्राचार्य रश्मि रजक, उप-प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, कोऑर्डिनेटर एम. भुवनेश्वरी, अनिल कुमार ढाके तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। परीक्षा समन्वयक ऐश्वर्या साहू के विशेष प्रयासों से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे विद्यालय का गौरव बढ़ा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री
यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
02 मई 2026
18 मई 2026
02 जून 2026
14 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ऑफर ₹22,500/-3AC ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)